**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**23.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री ने कांगड़ा ज़िले के ढगवार में अत्याधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण सयंत्र की रखी आधारशिला–तपोवन के पास अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर बनाने की घोषणा।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशे के खिलाफ अभियान में एकजुट प्रयासों पर दिया बल।
- नाबार्ड द्वारा प्रदेश में विभिन्न विकास कार्यों के लिए इस वर्ष 9 सौ 3 करोड़ रुपये का किया गया प्रावधान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई–मनाली हत्याकांड में सामने आई सरकार की संवेदनहीनता

**अब समाचार विस्तार से............**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा ज़िले के ढगवार में डेढ़ लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले अत्याधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण सयंत्र की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस सयंत्र के क्रियाशिल होने के बाद कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, चंबा और ऊना ज़िलो के किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ होगी, जिससे 35 हजार से अधिक दुग्ध उत्पादक लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सयंत्र के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा पूरी धनराशि उपलब्ध करवाई जा रही है और इसका निर्माण कार्य फरवरी 2026 तक पूरा हो जाएगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दूध की दरों में वृद्धि के बाद मिल्क फैड की दैनिक दूध खरीद क्षमता बढ़कर दो लाख 10 हजार लीटर हो गई है।

**मुख्यमंत्री–2**

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने धर्मशाला के तपोवन के पास एक सौ 50 करोड़ रुपये की लागत से देश का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर बनाने की घोषणा की। दाड़ी मेला ग्राउंड में आज एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस कन्वेंशन सेंटर में बड़े स्तर के सेमिनार आयोजित किए जाएंगे जिससे पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है, जबकि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान अमीर और गरीब के बीच की खाई और बढ़ गई थी। सुखविन्दर सुक्खू ने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए राज्य के खजाने का दुरुपयोग किया, जबकि कांग्रेस सरकार आम लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से ठोस

प्रयास कर रही है। इस अवसर पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि क्षेत्र को विशेष अधिमान दे रही है और किसानों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। ताकि खेती छोड़ चुके किसान पुनः कृषि को अपनाएं। उन्होंने किसानों से नकदी फसलों अपनाने का भी आग्रह किया।

**<u>राज्यपाल</u>**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशे के खिलाफ अभियान में सभी को एकजुट होकर कार्य करने पर बल दिया है। वह आज शिमला में एक समाचार–पत्र समूह द्वारा आयोजित 'यंग अचीवर्स अवार्ड–2025' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से उन्होंने प्रदेश में नशे के विरूद्ध अभियान शुरू किया है, जिसमें मीडिया और आम लोगों के सहयोग से सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। राज्यपाल ने समाज कल्याण और सभी क्षेत्रों में महिलाओं की सराहनीय भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इनसे और लोगों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। राज्यपाल ने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि सोच मायने रखती है और इसी बड़ी सोच के साथ समाचार–पत्र ने प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें सम्मानित करने का काम किया है।

**<u>विक्रमादित्य सिंह</u>**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि वर्तमान सरकार हर गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की थाची पंचायत में करीब डेढ़ करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारम्भ करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में अब नई सड़क बनाने के लिए राजस्व दस्तावेज़ लोक निर्माण विभाग के नाम करने की जिम्मेदारी पंचायत प्रतिनिधियों की होगी। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सकरात्मक सोच के साथ काम कर क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दो वर्षों के दौरान शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 3 सौ 50 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास कार्य मंजूर किए गए हैं।

**<u>नाबार्ड सम्मेलन</u>**

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड द्वारा आज शिमला में स्टेट क्रेडिट सेमिनार का आयोजन किया गया। सैमिनार का उदघाटन मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने किया। इस दौरान प्रदेश के लिए 42 हजार 2 सौ 43 करोड़ 83 लाख रुपये की क्रैडिट क्षमता का अनावरण किया गया। मुख्य सचिव ने नाबार्ड का स्टेट फोकस पेपर भी जारी किया और उम्मीद जताई कि प्रदेश में नाबार्ड के सहयोग से विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने ग्रामीण विकास में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश से अधिक महत्व देने की आवश्यकता बताई।

सम्मेलन में नाबार्ड के चीफ जनरल मैनेजर विवेक पठानिया ने कहा कि नाबार्ड द्वारा हर वर्ष की भांति प्रदेश में सड़क निर्माण, सिंचाई और पेयजल सहित अन्य योजनाओं के लिए इस वर्ष भी 9 सौ 3 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार झूठ बोलकर जनता से धोखा कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के प्रचार–प्रसार में सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन इस योजना के तहत शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों की फीस संस्थानों को नहीं दे पा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और मनाली विंटर कार्निवाल में हजारों की भीड़ के बीच एक युवक की हत्या होना इसका प्रमाण है। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए कहा है कि ये सरकार और प्रशासन की संवेदनहीनता है।

## स्वास्थ्य सेवाएं

चंबा जिला में दिव्यांग बच्चों को उनके घर द्वार पर ही एन एच पी सी चमेरा चरण–2 व साफिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क थैरेपी सेवाएं दी जाएंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बिपिन ठाकुर ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जिले के दिव्यांग बच्चों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाकर उनके जीवन को बेहतर बनाना है। एन.एच.पी.सी. चमेरा चरण–2 के महाप्रबंधक उमेश कुमार नंद ने कहा कि साफिया फाउंडेशन इस अभियान के तहत तीन साल दिव्यांग बच्चों को थैरेपी संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाएगा।

## सुनील बिट्टू

हिमाचल प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा आज हमीरपुर में कामगारों के लिए जागरूकता व आवश्यक सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बिट्टू ने कहा कि कामगार कल्याण बोर्ड सहित सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विशेष दिशा निर्देश जारी किए हैं।

## मुख्य समाचार एक बार फिर”

- मुख्यमंत्री ने कांगड़ा ज़िले के ढगवार में अत्याधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण सयंत्र की रखी आधारशिला–तपोवन के पास अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर बनाने की घोषणा।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशे के खिलाफ अभियान में एकजुट प्रयासों पर दिया बल।
- नाबार्ड द्वारा प्रदेश में विभिन्न विकास कार्यों के लिए इस वर्ष 9 सौ 3 करोड़ रुपये का किया गया प्रावधान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई–मनाली हत्याकांड में सामने आई सरकार की संवेदनहीनता

————————————